Total No. of Printed Pages—6

**25 T—ADHI**

**2015**

# ADVANCE HINDI

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 30

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×9=9

(क) 'भारत-महिमा' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

(ख) महादेवी वर्मा की पठित कविता का नाम क्या है?

(ग) गान्धारी कौन थी?

(घ) 'मानव-शान्ति' शीर्षक कविता में कवि ने धर्मराज किसे कहा है?

(ङ) भास्कर वर्मण का राज्य कहाँ था?

(च) श्यामा कौन थी?

(छ) "आपका पड़ोसी राज्य मातृसत्तात्मक है।" यहाँ 'मातृसत्तात्मक' (अथवा मातृसत्तात्मकता) का क्या अर्थ है?

(ज) जनेऊ-संस्कार क्या है?

(झ) 'रानी लक्ष्मीबाई' शीर्षक उपन्यास का उपन्यासकार कौन है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**खण्ड—क**

(किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×6=12

(क) "यवन को दिया दया का दान, चीन को मिली धर्म की दृष्टि।" यहाँ 'दया का दान' और 'धर्म की दृष्टि' के क्या अर्थ हैं?

(ख) "वर दो यह मेरा आँसू"—यहाँ किस वर की कामना की गई है, स्पष्ट कीजिए।

(ग) "नियम और उपनियमों के ये बन्धन टूक-टूक हो जायें।" यहाँ किन नियम-उपनियमों को नष्ट करने की बात आई है?

(घ) "वह पड़ा है कंकाल मेरे पुत्र का"—पुत्र का कंकाल से यहाँ क्या तात्पर्य है?

(ङ) "तुमने किया है प्रभुता का दुरुपयोग"—यहाँ 'प्रभुता का दुरुपयोग' क्या है?

(च) 'मानव-शान्ति' कविता में कोलाहल और संघर्ष कम न होने का प्रमुख कारण क्या बताया गया है?

(छ) "इस वैयक्तिक भोगवाद से
फूटी विष की धारा"—अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ज) "नाश! नाश!! हाँ महानाश!!!"—यहाँ कवि 'नवीन' जी महानाश की बात क्यों कर रहे हैं?

(झ) महादेवी वर्मा के लिए 'पीड़ा सुरभित चन्दन' क्यों है?

## खण्ड—ख

(किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×4=8

(क) "शत्रु का शत्रु मित्र होता है।" कैसे?

(ख) "ब्रह्मपुत्र कछुवा-पीठा है"—अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ग) "मानव के लिए प्रकृति सदय ही नहीं, क्रूर भी है।" कैसे?

(घ) अहिंसा और विश्व-बन्धुत्व का मंत्र हमारे लिए अरण्य गान क्यों है?

(ङ) दीर्घ जीवन पाने के सम्बन्ध में हमारे यहाँ क्या लोकविश्वास है?

(च) कंकु अपने को विषकन्या क्यों कहती है?

खण्ड—ग

(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 2×2=4

(क) 'रानी लक्ष्मीबाई' में चित्रित किन्हीं दो सामाजिक नियमों का उल्लेख कीजिए।

(ख) लक्ष्मीबाई और अंग्रेजों के बीच हुए युद्ध के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) अंग्रेजों द्वारा बनाये गये भारत पर आर्थिक शोषणों के किन्हीं दो नियमों का उल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

खण्ड—क

(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 4×2=8

(क) "साधो से निर्मित उन अधरों का प्याला"—यहाँ कवयित्री 'अधरों का प्याला' किसे और क्यों बनाना चाहती है?

(ख) गान्धारी का अभिशाप क्या था?

(ग) "जगे हम लगे जगाने"—यहाँ कवि का उद्देश्य क्या है, स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड—ख**

(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 4×2=8

(क) भास्कर को दूसरा कर्ण क्यों कहा जाता है?

(ख) "साहचर्य की सघनता का मान उसकी अवधि नहीं, गुणवत्ता होती है।" स्पष्ट कीजिए।

(ग) भास्कर की प्रजा-वत्सलता का परिचय दीजिए।

**खण्ड—ग**

(किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए) 4×3=12

(क) तलवार चलाने की कला लक्ष्मीबाई ने कैसे सीखी थी?

(ख) रानी लक्ष्मीबाई के साहस का परिचय दीजिए।

(ग) रानी लक्ष्मीबाई के पति का परिचय दीजिए।

(घ) टान्ट्या तोपे का परिचय दीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'मानव-शान्ति' कविता के सन्देश को स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

'भारत-महिमा' कविता में चित्रित भारत की महिमा को रेखांकित कीजिए।

(ख) भास्कर वर्मण का चरित्र-चित्रण कीजिए। 6

**अथवा**

'भास्कर वर्मण' नाटक के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता-असार्थकता पर विचार कीजिए। 6

**अथवा**

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) लक्ष्मीबाई के चरित्र की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 6

**अथवा**

प्रमाणित कीजिए कि लक्ष्मीबाई 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की नायिका नहीं, नायक है।

**5.** (क) रस क्या है? वीर **अथवा** करुण रस का परिचय दीजिए। 1+4=5

(ख) अलंकार क्या है? एक शब्दालंकार **अथवा** अर्थालंकार का परिचय दीजिए। 1+4=5

(ग) छन्द को परिभाषित कीजिए। किसी एक छन्द का परिचय सोदाहरण दीजिए। 1+4=5

★★★